मोहाली, डेराबस्सी और जीरकपुर में मतदान की तैयारी पूरी, पोलिंग पार्टियां रवाना; सुरक्षा के कड़े इंतजाम

कई जगह फ्लैग मार्च, मतदान केंद्रों की अंतिम जांच; प्रशासन ने की शांतिपूर्ण मतदान की अपील

समर न्यूज | मोहाली



मोहाली, जीरकपुर और डेराबस्सी में 26 मई को होने वाले नगर निकाय चुनाव के मतदान की तैयारियां पूरी हो गई हैं। प्रशासन ने मतदान प्रक्रिया को सुचारू और निष्पक्ष बनाने के लिए पोलिंग पार्टियों की तैनाती, सुरक्षा व्यवस्था और मतदान केंद्रों की तैयारियों को तेज कर दिया है। जानकारी के अनुसार, तीनों क्षेत्रों में सैकड़ों पोलिंग पार्टियों को रवाना किया जा रहा है, जिन्हें निर्धारित मतदान केंद्रों पर समय से पहले पहुंचकर सभी व्यवस्थाएं पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं।

मतदान सामग्री, ईवीएम (या बैलेट यूनिट), मतदाता सूची और अन्य जरूरी दस्तावेजों के साथ टीमें रवाना हो रही हैं। प्रशासन का कहना है कि सभी मतदान केंद्रों को एक दिन पहले ही फंक्शनल स्थिति में तैयार कर लिया जाएगा, ताकि मतदान के दिन किसी प्रकार की देरी या तकनीकी समस्या न आए। मतदान केंद्रों पर बिजली, पेयजल, रैंप और दिव्यांग मतदाताओं के लिए विशेष सुविधाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। कई केंद्रों पर बैरिकेडिंग, प्रवेश और निकास मार्गों को भी व्यवस्थित किया गया है। स्थानीय प्रशासन का कहना है कि सभी केंद्रों पर सुबह मतदान शुरू होने से पहले मॉक ड्रिल और अंतिम जांच पूरी कर ली जाएगी।

सुरक्षा व्यवस्था के प्रमुख बिंदु

- संवेदनशील बूथों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात।
- रैपिड एक्शन टीम (आरएटी) की तैनाती
- ड्रोन और सीसीटीवी निगरानी
- रात्रि गश्त बढ़ाई गई
- सीमावर्ती इलाकों में चेकिंग अभियान तेज

फ्लैग मार्च से बढ़ाई गई सतर्कता

पुलिस और अर्धसैनिक बलों ने तीनों शहरों में फ्लैग मार्च निकालकर सुरक्षा व्यवस्था का संदेश दिया है। इन मार्च का उद्देश्य मतदाताओं में विश्वास बढ़ाना और असामाजिक तत्वों को स्पष्ट संदेश देना है कि चुनाव प्रक्रिया पर पूरी निगरानी रखी जा रही है। अधिकारियों के अनुसार, संवेदनशील इलाकों की पहचान पहले ही कर ली गई थी और वहां अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है।

सुरक्षा और सुविधा दोनों पर नजर

वरिष्ठ चुनाव अधिकारी ने कहा कि हर मतदान केंद्र पर सुरक्षा और सुविधा दोनों सुनिश्चित की जा रही हैं, ताकि मतदान शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो। वहीं, स्थानीय निवासी मनोज शर्मा ने कहा कि वे विकास के मुद्दों पर मतदान करेंगे। एक अन्य मतदाता जसप्रीत कौर ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था देखकर लोगों में विश्वास बढ़ा है। मोहाली, जीरकपुर और डेराबस्सी में निकाय चुनाव को लेकर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। पोलिंग पार्टियों की रवानगी, फ्लैग मार्च और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था यह संकेत देती है कि प्रशासन शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

1.34 लाख वोटर 128 बूथों पर चुनेंगे जीरकपुर के 31 पार्षद

वार्ड - 27 में करीब 7 हजार की आबादी, सबसे ज्यादा पोलिंग बूथ इसी वार्ड में

गुरमीत सिंह | जीरकपुर
समर न्यूज

जीरकपुर नगर परिषद के 31 वार्डों के लिए सोमवार 26 मई को मतदान होगा। शहर की करीब 1.34 लाख आबादी अपने मताधिकार का प्रयोग कर 128 विभिन्न पोलिंग बूथों पर 31 काउंसलरों का चुनाव करेगी। इस बार चुनावी मैदान में कुल 123 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं, जिनका भविष्य 29 मई को होने वाली वोटों की गिनती के बाद तय होगा।

चुनाव आयोग ने शहर के 31 वार्डों में से 13 को संवेदनशील और 9 को अति-संवेदनशील घोषित किया है। संवेदनशील वार्डों में वार्ड नंबर 1, 2, 3, 7, 11, 14, 21, 22, 23, 25, 26, 28 और 29 शामिल हैं, जबकि वार्ड नंबर 4, 5, 12, 15, 18, 19, 20, 24 और 31 को अति-संवेदनशील श्रेणी में रखा गया है। इन क्षेत्रों में मतदान के दौरान सुरक्षा के विशेष प्रबंध किए गए हैं।

जारी सूची के अनुसार वार्ड नंबर 27 में करीब 7 हजार की आबादी के लिए सबसे अधिक सात पोलिंग सेंटर बनाए गए हैं। दिलचस्प बात यह है कि यह वार्ड न तो संवेदनशील है और न ही अति-संवेदनशील श्रेणी में शामिल है।

विभिन्न वार्डों में बनाए गए पोलिंग सेंटरों की संख्या के अनुसारः वार्ड-1 में 6, वार्ड-2 में 3, वार्ड-3 में 4, वार्ड-4 में 5, वार्ड-5 में 4, वार्ड-6 में 3, वार्ड-7 में 4, वार्ड-8 में 6, वार्ड-9 में 4, वार्ड-10 में 4, वार्ड-11 में 3, वार्ड-12 में 3, वार्ड-13 में 4, वार्ड-14 में 5, वार्ड-15 में 3, वार्ड-16 में 4, वार्ड-17 में 5, वार्ड-18 में 4, वार्ड-19 में 5, वार्ड-20 में 4, वार्ड-21 में 4, वार्ड-22 में 3, वार्ड-23 में 3, वार्ड-24 में 4, वार्ड-25 में 3, वार्ड-26 में 3, वार्ड-27 में 7, वार्ड-28 में 5, वार्ड-29 में 4, वार्ड-30 में 4 और वार्ड-31 में 3 केंद्र स्थापित किए गए हैं।

वोटर अपने-अपने वार्डों के अनुसार निर्धारित स्कूलों और सरकारी संस्थाओं में बने पोलिंग स्टेशनों पर मतदान कर सकेंगे। इनमें जी पी पब्लिक स्कूल वैषाली एन्क्लेव, फ्लोरेंस पब्लिक स्कूल, एसटी हिल्ज पब्लिक स्कूल बलटाणा, सरकारी एलिमेंट्री स्कूल बलटाणा, लिटल एंजल पब्लिक स्कूल, दीक्षांत पब्लिक स्कूल, माउंट व्यू पब्लिक स्कूल, सेंट सोल्जर पब्लिक स्कूल, कम्युनिटी सेंटर एमएस एन्क्लेव, सरकारी स्कूल स्नौली, ढकोली, ढकोला, लोहगढ़, सिंहपुरा, रामगढ़ भुड्डा, दियालपुरा, नाभा, भबात और बलटाणा सहित अन्य स्थान शामिल हैं।

डेराबसी के एस डी एम और रिटर्निंग अफसर अमित गुप्ता ने कहा कि 31 वार्डों में बनाए गए 128 पोलिंग सेंटरों पर मतदाताओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक प्रबंध पूरी कर लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि संवेदनशील और अति-संवेदनशील बूथों पर विशेष सुरक्षा तैनात की गई है ताकि मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न हो सके।

एसएएस नगरः 4.80 लाख मतदाता करेंगे 695 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला

समर न्यूज | मोहाली

जिला साहिबजादा अजीत सिंह नगर में होने वाले स्थानीय निकाय चुनाव के लिए प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। जिले के 4,80,781 मतदाता 166 वार्डों में चुनाव लड़ रहे 695 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे। मतदान सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक होगा।

जिला चुनाव अधिकारी एवं डिप्टी कमिश्नर कोमल मित्तल ने बताया कि जिले के 498 पोलिंग बूथों के लिए पोलिंग पार्टियों को रवाना कर दिया गया है। मोहाली के फेज-3बी1 स्थित स्कूल ऑफ एमिनेंस में बनाए गए डिस्पैच सेंटर का भी उन्होंने निरीक्षण किया। जिले में कुल 2,48,415 पुरुष, 2,32,340 महिला और 26 अन्य मतदाता हैं। मोहाली नगर निगम के 50 वार्डों में 227 उम्मीदवार मैदान में हैं जबकि जीरकपुर में 31 वार्डों से 124 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। डेराबस्सी, नया गांव, लालड़ू, कुराली और बनूड़ में भी चुनावी मुकाबला रोचक बना हुआ है। गर्मी को देखते हुए अपील डिप्टी कमिश्नर कोमल मित्तल ने मतदाताओं, खासकर बुजुर्गों से सुबह जल्दी मतदान करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि सभी बूथों पर छाया और पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। प्रशासन ने चुनाव को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और सुचारु तरीके से संपन्न कराने का दावा किया है।

जीरकपुर में 31 वार्डों के वोटर करेंगे अपने मताधिकार का प्रयोग

गुरमीत सिंह | जीरकपुर
समर न्यूज

नगर काउंसिल जीरकपुर में 31 वार्डों में हो रहे इस चुनाव को लेकर राजनीतिक माहौल पिछले कई हफ्तों से गरमाया हुआ था। आम आदमी पार्टी, अकाली दल, कांग्रेस और भाजपा समेत कुल 124 उम्मीदवारों ने 24 मई तक चुनाव प्रचार के हर संभव माध्यम से मतदाताओं तक पहुंच बनाने की कोशिश की। चुनाव प्रचार खत्म होने के बाद रविवार का दिन उम्मीदवारों के लिए किसी विद्यार्थी की परीक्षा से पहले की घड़ी जैसा रहा। दिन भर उम्मीदवार और उनके समर्थक नाराज मतदाताओं को मनाने, घर-घर संपर्क करने और अपने पक्ष में वोट सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय रहे।

आखिर क्यों खामोश है प्रशासन

ज़ीरकपुर व डेराबस्सी में आचार संहिता की खुल कर उड़ रहीं धज्जियां

जीरकपुर में लगे प्रचार के होर्डिंग। डेराबस्सी में लगे जगह-जगह लगी प्रचार सामग्री। सरकारी बिजली के खंभों पर लगी झंडिया और लड़ियां। - समर न्यूज

गुरमीत सिंह | ज़ीरकपुर/डेराबस्सी
समर न्यूज

नगर परिषद चुनाव मतदान का प्रचार खत्म होने के बावजूद जीरकपुर और डेराबस्सी में आदर्श चुनाव आचार संहिता की धज्जियां खुलेआम उड़ाई जा रही हैं।

प्रशासनिक आधिकारी नियमों की अवहेलना रोकने में कोई कदम नहीं उठा सके । ऐसे में चुनाव आचार सहिता लागू करने का क्या फायदा हुआ जब नियमों की धज्जियां उड़ाई जानी थी। अधिकारियों की लापरवाही के चलते आम आदमी पार्टी, अकाली, कांग्रेस और भाजपा के प्रत्याशीयो ने नियमों की धज्जियां उड़ाने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी। देखने में सामने आया कि नगर कौंसिल कार्यालय और तहसील परिसर के आसपास सरकारी संपत्तियों पर प्रचार सामग्री लगाई गई है। सड़कों, मुख्य बाजारों व सार्वजनिक पार्कों के साथ-साथ बिजली के खम्बों तक पर विभिन्न उम्मीदवारों के पोस्टर और होर्डिंग्स, झंडिया आज भी लगी हुई है। चुनावी नियम स्पष्ट हैं कि किसी भी सार्वजनिक संपत्ति पर प्रचार सामग्री लगाना वर्जित है, फिर भी ये उल्लंघन बड़े पैमाने पर नजर आ रहे हैं। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन की चुप्पी की कड़ी निंदा की है और सवाल उठाए हैं कि क्या आदर्श चुनाव केवल नाममात्र का ही रह गया है। कई लोगों का कहना है कि नियमों की ऐसी खुली अवज्ञा से चुनावी पारदर्शिता और निष्पक्षता पर गहरा सवाल उठता है।

फिलहाल, क्षेत्र के लोगों की मांग हैं कि मतदान से पहले कम से कम सरकारी स्थानों से अवैध प्रचार हटाकर नियमों की पालना सुनिश्चित की जाए।

जीरकपुर के गांव छत्त के कम्युनिटी सेंटर से पोलिंग पार्टियां रवाना

यहीं होगी वोटों की गिनती, स्टाफ को कड़े सुरक्षा प्रबंधों के बीच शहर के 128 पोलिंग बूथों की ओर भेजा गया

कम्युनिटी सेंटर के अंदर लगी स्टाफ की भीड़। - समर न्यूज

गुरमीत सिंह | जीरकपुर
समर न्यूज

नगर काउंसिल चुनावों को सुचारू और निष्पक्ष ढंग से संचालित करने के लिए गांव छत्त स्थित कम्युनिटी सेंटर को चुनाव प्रक्रिया का केंद्रीय केंद्र बनाया गया है। यहां से आज पोलिंग स्टाफ़ को उनके-उनके पोलिंग बूथों के लिए रवाना किया जा रहा है, जबकि 29 मई को होने वाली वोटों की गिनती भी इसी केंद्र में करवाई जाएगी।

चुनाव अधिकारियों की निगरानी में पोलिंग पार्टियों को चुनाव सामग्री सौंपने की प्रक्रिया जारी है। इसके बाद स्टाफ को कड़े सुरक्षा प्रबंधों के बीच शहर के 128 पोलिंग बूथों की ओर भेजा गया है। चुनावों के दौरान शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस की ओर से 212 कर्मियों की तैनाती की गई है, जिनमें एएसआई, हेड कांस्टेबल, सीनियर कांस्टेबल, महिला पुलिस कर्मचारी तथा अन्य सुरक्षा बल शामिल हैं। पुलिस प्रशासन ने बूथों को सामान्य, संवेदनशील और अति-संवेदनशील श्रेणियों में बांटकर सुरक्षा व्यवस्था तय की है। अति-संवेदनशील बूथों पर अतिरिक्त बल तैनात किए गए हैं। इसके अलावा संवेदनशील क्षेत्रों में गश्त और नाकेबंदी भी तेज की गई है ताकि मतदाता बिना किसी डर या दबाव के अपने मत देने के अधिकार का प्रयोग कर सकें। चुनाव अधिकारियों के मुताबिक पिंड छत्त का कम्युनिटी सेंटर पूरी चुनाव प्रक्रिया का मुख्य केंद्र रहेगा, जहां पोलिंग पार्टियों की रवाना होने से लेकर ईवीएम और चुनाव सामग्री की वापसी तथा वोटों की गिनती तक की सभी कार्रवाइयां संपन्न की जाएंगी।

दूसरी और डेराबस्सी के सरकारी कॉलेज से स्टाफ को रवाना किया गया है।

जीरकपुर नगर काउंसिल चुनावः 128 बूथों पर 212 पुलिस कर्मी रहेगे तैनात

सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस मुस्तैद, 212 पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई

गुरमीत सिंह | जीरकपुर
समर न्यूज

आगामी 26 मई को होने वाले नगर काउंसिल चुनावों को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से सम्पन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने विशेष सुरक्षा प्रबंध किए हैं। चुनाव ड्यूटी सूची के अनुसार शहर के 128 पॉलिंग बूथों पर कुल 212 पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई है। इनमें एएसआई, हेड कांस्टेबल, सीनियर कांस्टेबल, महिला पुलिसकर्मी और अन्य सुरक्षा कर्मी शामिल हैं। पुलिस ने बूथों को साधारण (नॉन-सेंसिटिव), संवेदनशील (सेंसिटिव) और अति-संवेदनशील (हाइपर सेंसिटिव) श्रेणियों में बांटकर सुरक्षा तैनाती की है। जिन बूथों को अति-संवेदनशील घोषित किया गया है, वहाँ अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है ताकि किसी भी अनहोनी घटना को रोका जा सके। चुनावों के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए विभिन्न थानों, चौकियों, स्पेशल ब्रांच, सीआईए, एक्साइज और अन्य यूनिटों के कर्मियों को ड्यूटी पर लगाया गया है। महिला मतदाताओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए महिला पुलिसकर्मियों की भी बड़ी संख्या में तैनाती की गई है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण और पारदर्शी बनाए रखने के लिए सभी बूथों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। इसके साथ ही संवेदनशील इलाकों में गश्त और नाकाबंदी भी बढ़ा दी गई है।

डेराबस्सी में भी सुरक्षा कड़ी

डेराबस्सी के 19 वार्डो में चुनाव की तैयारी मुकम्मल है। आज 26 मई को होने वाली वोटिंग को लेकर पुलिस ने सुरक्षा मजबूत कर दी है। एस पी बिक्रमजीत सिंह बराड़ पल पल की खबर रख रहे है। थाना प्रभारी सुमित मोर भी इलाके में पूरी तरह मुस्तैद है।

मोहाली में प्रशासन ने लिया चुनाव तैयारियों का जायजा

फ्लैग मार्च निकाला, जगह-जगह की नाकेबंदी

समर न्यूज | मोहाली

एसएएस नगर जिले में नगर निगम और नगर काउंसिल चुनाव को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। प्रशासन ने सोमवार को मतदान की तैयारियों का जायजा। पुलिस ने भी सुरक्षा के मद्देनजर फ्लैग मार्च निकाला। पुलिस प्रशासन ने संवेदनशील इलाकों में लगातार फ्लैग मार्च शुरू कर दिए हैं।

जगह-जगह नाकेबंदी कर वाहनों की जांच की जा रही है ताकि किसी भी तरह की गड़बड़ी को रोका जा सके। मतदान से एक दिन पहले आज पोलिंग पार्टियों को उनके-अपने मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया गया। इसके लिए विभिन्न स्थानों पर वितरण केंद्र बनाए गए हैं, जहां कर्मचारियों को ईवीएम मशीनें, चुनाव सामग्री और अन्य जरूरी उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। चुनाव प्रचार समाप्त होने के बाद प्रशासन की प्राथमिकता शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करना है। डेराबस्सी, जीरकपुर, खरड़, कुराली, बनूड़, लालड़ू, नया गांव और मोहाली सहित कई क्षेत्रों में मतदान प्रक्रिया अपने अंतिम चरण में पहुंच चुकी है।

हाल ही में कुछ इलाकों में अवैध शराब और संदिग्ध सामग्री बरामद होने के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने निगरानी और कड़ी कर दी है। पुलिस लगातार क्षेत्र में गश्त कर रही है और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। अधिकारियों ने मतदाताओं से अपील की है कि वे बिना किसी डर या दबाव के अपने मताधिकार का प्रयोग करें। साथ ही स्पष्ट किया गया है कि मतदान को प्रभावित करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ तुरंत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

कड़ी परीक्षा | मौली बैदवान से वार्ड-42 तक मुकाबले बने प्रतिष्ठा की लड़ाई

सेंसिटिव वार्डों में पुलिस की कड़ी परीक्षा, 15 साल पुरानी रंजिश फिर चुनावी मैदान में

समर न्यूज | मोहाली

नगर निगम चुनाव इस बार केवल स्थानीय मुद्दों तक सीमित नहीं रह गए हैं, बल्कि कई वार्ड राजनीतिक प्रतिष्ठा और पुरानी प्रतिद्वंद्विता का केंद्र बन चुके हैं। सबसे ज्यादा चर्चा सेंसिटिव माने जा रहे मौली बैदवान क्षेत्र की है, जहां करीब 15 साल पहले पंचायत चुनाव के दौरान गोलियां चली थीं। अब उसी गांव से जुड़े दो प्रमुख चेहरे एक बार फिर आमने-सामने हैं।

आम आदमी पार्टी ने सतविंदर सिंह मिट्ठू को मैदान में उतारा है, जबकि कांग्रेस ने गुरदीप सिंह दीप पर दांव लगाया है। गुरदीप सिंह दीप का परिवार गांव की राजनीति में लंबे समय से प्रभावशाली माना जाता रहा है और उनके भाई जीत मौली पहले गांव के सरपंच रह चुके हैं। राजनीतिक माहौल को देखते हुए पुलिस प्रशासन को यहां अतिरिक्त सतर्कता बरतनी पड़ सकती है। दूसरी तरफ वार्ड नंबर-42 भी हॉट सीट बन चुका है, जहां विधायक कुलवंत सिंह के बेटे सरबजीत सिंह समाना चुनाव लड़ रहे हैं। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि आम आदमी पार्टी इस सीट को प्रतिष्ठा का सवाल मान रही है और नगर निगम में मेयर पद तक की रणनीति इसी वार्ड से जोड़ी जा रही है।

- **मौली बैदवान में पुरानी रंजिश ने बढ़ाया तनाव**

मौली बैदवान क्षेत्र इस बार निगम चुनाव में सबसे संवेदनशील वार्डों में गिना जा रहा है। करीब डेढ़ दशक पहले पंचायत चुनाव के दौरान यहां हिंसक झड़प और फायरिंग की घटना हुई थी। अब उसी राजनीतिक पृष्ठभूमि से जुड़े चेहरे फिर आमने-सामने हैं। आम आदमी पार्टी से सतविंदर सिंह मिट्ठू और कांग्रेस से गुरदीप सिंह दीप के बीच सीधा मुकाबला है। स्थानीय स्तर पर दोनों पक्षों की मजबूत पकड़ मानी जाती है। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि चुनाव प्रचार के अंतिम दिनों में यहां माहौल और गर्म हो सकता है। ऐसे में पुलिस प्रशासन को लगातार निगरानी और अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखनी होगी।

वार्ड-42 बना सबसे चर्चित चुनावी केंद्र

शहर का वार्ड नंबर-42 इस चुनाव का सबसे चर्चित वार्ड बन गया है। यहां विधायक कुलवंत सिंह के बेटे सरबजीत सिंह समाना मैदान में हैं। राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि आम आदमी पार्टी इस वार्ड को बेहद अहम मान रही है। पार्टी संगठन से लेकर स्थानीय नेतृत्व तक लगातार प्रचार में जुटा हुआ है। विपक्ष भी इसे सत्ता की प्रतिष्ठा से जोड़कर देख रहा है। माना जा रहा है कि यदि इस वार्ड में पार्टी मजबूत प्रदर्शन करती है तो नगर निगम में मेयर पद की राजनीति पर भी इसका असर पड़ेगा। इसी कारण यह सीट सामान्य वार्ड से ज्यादा राजनीतिक महत्व हासिल कर चुकी है।

सभी दलों के स्थानीय दिग्गज संभाल रहे मोर्चा

नगर निगम चुनाव में इस बार स्थानीय नेताओं ने पूरी ताकत झोंक दी है। आम आदमी पार्टी की ओर से विधायक कुलवंत सिंह लगातार प्रचार कर रहे हैं। कांग्रेस की तरफ से पूर्व मेयर अमरजीत सिंह जीती सिद्धू उम्मीदवारों के समर्थन में मैदान में हैं। भाजपा ने जिला अध्यक्ष संजीव वशिष्ट को प्रचार की जिम्मेदारी दी है, जबकि शिअद की तरफ से परविंदर सिंह सोहाना सक्रिय हैं। सभी दल घर-घर संपर्क और छोटी सभाओं के जरिए मतदाताओं तक पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं। स्थानीय मुद्दों, विकास कार्यों और व्यक्तिगत संपर्क को इस बार चुनाव का बड़ा आधार माना जा रहा है।

राज्य स्तरीय नेताओं की दूरी भी चर्चा में

चुनाव प्रचार तेज होने के बावजूद मोहाली नगर निगम चुनाव में अब तक किसी बड़े राज्य स्तरीय नेता की सक्रिय एंट्री नहीं हुई है। यही बात राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बनी हुई है। हालांकि जीरकपुर में भाजपा के समर्थन में केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू पहुंचे हैं। माना जा रहा है कि भाजपा की नजर जीरकपुर और डेराबस्सी बेल्ट पर ज्यादा है, क्योंकि पिछले विधानसभा चुनाव में इन क्षेत्रों में पार्टी का वोट शेयर बढ़ा था। दूसरी ओर मोहाली में फिलहाल स्थानीय नेतृत्व ही चुनावी रणनीति और प्रचार अभियान की कमान संभाले हुए दिखाई दे रहा है।

ग्रुप एडिटरः अर्शदीप सिंह। एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल। मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। *समाचार चयन के लिए PRP एक्ट के तहत जिम्मेदार। सभी विवादों का न्यायाधिकार क्षेत्र लुधियाना होगा। RNI No. CHMUL/25/A1155